सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी

V.C. 3695/2020
10/04/2021

दिनांक: 10.04.2021

अपील

वर्तमान समय में कोविड–19 (कोरोना वायरस) महामारी के पुनः व्यापक संक्रमण के प्रसार को देखते हुए यह अनिवार्य हो गया है कि इस महामारी से निपटने के लिए रोकथाम के मान्य उपायों यथा ठीक से मास्क लगाना, दो गज की भौतिक दूरी, बार–बार साबुन से हाथ धोने एवं सेनेटाइजर का उपयोग करने के साथ–साथ टीकाकरण को बढ़ावा दिया जाय।

विश्व एवं भारतवर्ष के विशेषज्ञ चिकित्सकों तथा स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार एवं विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा भारत में कोविड–19 के विरुद्ध प्रयोग में लायी जाने वाली वैक्सीन को सुरक्षित एवं असरकारी घोषित किया गया है। टीकाकरण अभियान से पूर्व सरकार और सामान्य जन के आपसी सूझबूझ एवं महामारी से रोकथाम के उपायों को ठीक से लागू करने के कारण महामारी की पहली लहर के दौर में प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया था किन्तु धीरे–धीरे लापरवाही के कारण वायरस संक्रमण की दूसरी लहर का दौर आ गया जो पहले से भयावह है।

अतः हम सभी मिलकर यह संकल्प लें कि इस महामारी के शमन हेतु टीकाकरण अभियान में अपने बचाव के प्रति सचेष्ट रहते हुए बढ़चढ़ कर हिस्सा लें तथा अन्य जनों को भी इसके लाभ के प्रति जागरुक करते हुए अभियान में सहभाग करने के लिए प्रेरित करें। इस अभियान में सूत्र वाक्य "दवाई भी और कड़ाई भी" का पालन मील का पत्थर सिद्ध होगा।

(प्रो० राजाराम शुक्ल) 10-4-21
कुलपति
सं०सं०वि०वि०, वाराणसी